# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**(प्रथम सूचना रिपोर्ट)**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** UNA **Year(वर्ष):** 2024
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0003 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 21/04/2024 06:36 PM

2.

| S.No.(क्र. | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | THE PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** Intervening Day **Date From(दिनांक से):** 18/04/2024 **Date To(दिनांक तक):** 21/04/2024
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 12:00 AM **Time To (समय तक):** 06:19 PM

   (b) **Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date(दिनांक):** 21/04/2024 **Time (समय):** 06:21 PM
   (c) **General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ):** **Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 008 **Time (समय):** 21/04/2024 06:19 PM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 10 Km(s) **Beat No(बीट सं.)**
      (b) **Address(पता):** Haroli
      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** **District(State)(ज़िला(राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   (a) **Name(नाम):** Ankish Kumar
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** Ram Kumar
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No (यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) **Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )(पहचान विवरण(राशन कार्ड,मतदाता पहचान पत्र, पारपत्र,आधार कार्ड सं.,ड्रायविग लायसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**
   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-Bhadsali , TEHSIL-Haroli , PS-HAROLI, DISTRICT-UNA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE-Bhadsali , TEHSIL-Haroli , PS:HAROLI, DISTRICT-UNA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**
   **Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ASI Nirmal Patial | | VILLAGE-police Station Haroli ,PS-HAROLI,DISTRICT-UNA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | VILLAGE-police Station Haroli ,PS-HAROLI,DISTRICT-UNA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant** (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण)**:**

**9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)** (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें))**:**

| **S.No.** (क्र.सं.) | **Property Category** (संपत्ति श्रेणी) | **Property Type** (सम्पत्ती के प्रकार) | **Nature Property** (प्रकृति संपत्ति) | **Description (विवरण)** | **Value(In Rs/-)** (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | COIN AND CURRENCY | INDIAN RUPEE | INVOLVED IN A CASE/CRIME | | 3000 |

**10.Total value of property stolen (In Rs/-)** (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) )**:**3000

**11.Inquest Report / U.D. case No., if any** (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू०डी०प्रकरण न०, यदि कोई हो )**:**

| **S.No.** (क्र.सं.) | **UIDB Number** (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

**12.First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)** (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें))**:**

दिनांक 18.04.2024 को मन उप निरीक्षक रपट नं0 08 रोजनामचा के अनुसार खुफिया सुराग बुरारी हेतु इलाका हददू की की रवाना थी तो दौराने सुराग बुरारी भदसाली के पास श्री अंकिश कुमार उर्फ मोनू राणा पुत्र श्री राम कुमार निवासी गांव भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना मिला था, जिसने बतलाया था कि थाना हरोली में तैनात थानेदार निर्मल पटियाल इसकी शिकायत के निपटारे के सन्दर्भ में रिशवत की मांग कर रहा है। जिस पर अंकिश कुमार उपरोक्त को उसी समय Sony Voice Recorder में एक नया मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics डालकर रिश्वत की माँग सम्बन्धी बातचीत की रिकार्डिंग करने के लिए दिया तथा हिदायत दी गई कि बात होने पर उपरोक्त डिवाइस मय मैमोरी कार्ड तथा विस्तारपुर्वक शिकायतपत्र प्रेषित करें।

दिनांक 19.04.2024 को मन उप निरीक्षक पुनः रपट नं0 5 रोजनामचा के अनुसार इलाका भदसाली, घालूवाल झलेड़ा रवाना थी तो इकाला भदसाली में मुझे अंकिश कुमार उपरोक्त मिला जिसने मुझे बतलाया कि इसने दिये गये रिकार्डिंग डिवाईस में थानेदार निर्मल के द्वारा पैंसों की मांग सम्बन्धी रिकार्डिंग की है। लेकिन यह जरूरी कामकाज से कहीं जा रहा था जिस कारण रिकार्डिंग डिवाईस घर पर रह गया है तथा कल या जब भी समय लगेगा थाना में आकर रिकार्डिंग डिवाईस तथा शिकायत पत्र प्रेषित कर देगा।

जो आज दिनांक 21.04.2024 को श्री अंकिश कुमार उर्फ मोनू राणा पुत्र श्री राम कुमार निवासी गांव भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना द्वारा Sony Voice Recorder मय मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics तथा एक शिकायतपत्र प्रभारी थाना को प्रेषित किया गया, जिसे प्रभारी थाना द्वारा मन उप निरीक्षक को प्रारम्भिक सत्यापन हेतु अग्रेषित किया गया। श्री अकिश कुमार द्वारा प्रेषित शिकायतपत्र का सार निम्न प्रकार से है- सेवा में, डी.एस.पी साहब, विजीलैंस ऊना। विषयः थानेदार निर्मल पटियाल के खिलाफ दरखास्त। महोदय, निवेदन है कि मैं अंकिश कुमार उर्फ मोनू राणा पुत्र श्री राम कुमार निवासी गांव भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना का रहने वाला हूँ। मैंने लगभग एक हफ्ता पहले थाना हरोली में एक शिकायत पत्र कुलविन्द्र सिंह व नाथी सिंह गांव कांगड़ के रहने वालों के खिलाफ दिया था। इस दरखास्त में मैंने कुलविन्द्र सिंह व नाथी सिंह के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी व चिट्टे के गलत केस में फंसाने के आरोप लगाये थे। मेरी इस सिलसिले में थानेदार निर्मल पटियाल ने कोई तीन बार थाने में बुलाया था लेकिन आज तक मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। मैं जब भी थाने में जाता हूँ तो मैंने थानेदार साहब निर्मल सिंह को कुलविद्न सिंह को थाने में बुलाकर बातचीत करवाने के लिये कहा था लेकिन यह कुलविन्द्र सिंह को थाने में बुलाने के लिये मेरे से बार-बार पैसों व शराब की डिमांड करता है। पहले इसने मेरे से पांच हजार रूपये और शराब की बोलतें मांगी थी। मैंने पहले से ही इसको 2 हजार रूपये दे चुका हैं और अब यह मेरे से तीन हजार रूपये और शराब की बोतलों की डिमांड कर रहा है मैं इसको रिश्वत नहीं देना चाहता हूँ और निर्मल सिंह थानेदार के खिलाफ कार्रवाई चाहता हूँ। हस्ता/-अंकिश कुमार उर्फ मोनू राणा। शिकायतकर्ता तथा शिकायतपत्र में लिखित उपरोक्त आरोपों की सत्यता जानने हेतू शिकायत कर्ता द्वारा प्रस्तूत Sony Voice Recorder से मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics निकालकर दिनांक 18.04.2024 की रिकार्डिंग सुनी गई जो यह रिकार्डिंग 03 मिनट 11 सैंकड के करीब की है। इस रिकार्डिंग में शिकायतकर्ता अंकिश कुमार तथा संदिग्ध निर्मल पटियाल आपस में बातचीत करते पाये गये हैं। इस रिकार्डिंग में संदिग्ध निर्मल पटियाल शिकायतकर्ता को बता रहा है कि कुलविन्द्र सिंह का फोन स्वीच ऑफ है ऑन होने पर ही कार्रवाई हो सकती है। इसके उपरांत शिकायतकर्ता ने आरोपी से आप ही बताओ कि कैसे करना है व कहता है कि मैं चाहता हूँ कि आप कुलविन्द्र को इधर बुलाओ। जिस पर निर्मल पटियाल शिकायत कर्ता से पहले रिश्वत की मांग "बोल किना लगना जल्दी बोल" कह कर करी। जिस पर शिकायत कर्ता ने समय 0.50 पर कहा कि "मैं हुण तुसी दसो" व जिस पर निर्मल पटियाल ने समय 0.51 पर कहा कि "तू बोल...जो तैं बोलणा" जिससे यह प्रतीत होता है कि निर्मल पटियाल खुद अपने मुहँ से रिशवत बारे नहीं कहना चाहता है। परन्तू समय 02.09 पर निर्मल पटियाल शिकायतकर्ता से रिशवत की मांग "हूँ... वैसे क्या...किने" कहके करता है तथा इसके बाद समय 02.27 मिनट से 02.31 मिनट तक रूपये तीन हजार तथा दो बोतलें शराब की मांग की गई। जिसमें "सूण.....सूण मेरी.........तीन हजार....दो बोतलें लया बस..........."। बोला गया है।

अब तक की प्रारम्भिक जांच में रिश्वत देने का समय व स्थान निश्चित न है इसलिये आज दिनांक 21.04.2024 को समय करीब 03.30 दिन को शिकायतकर्ता से थानेदार निर्मल पटियाल के मौबाईल पर बात करवाई गई जिसमें निर्मल पटियाल द्वारा शिकायतकर्ता को थाना हरोली में आने बारे कहा गया। जिस पर आरोपी को समय करीब 04 बजे शाम को मय Sony Voice Recorder मय मैमोरी कार्ड के साथ आरोपी के साथ मिलने के लिये भेजा गया। जो करीब समय 06.05 बजे शाम को थाना हजा में वापिस हाजिर आया है तथा रिकार्डर पेश किया और बतलाया कि इसने पहले संदिग्ध निर्मल पटियाल को वाट्सअप के माध्यम से बात की तथा थाना के नजदीक मिलने के लिये बुलाया। जो उसने वहां आने से मना किया तथा कहा कि थाना में आकर मुझसे मिले। जिस पर यह उससे मिलने थाना हरोली में गया व संदिग्ध से मिला। जिसकी इसने रिकार्डिंग भी की है। तस्दीक हालातों से पाया गया कि संदिग्ध निर्मल पटियाल द्वारा शिकायतकर्ता को आज ही थाना में आकर मांग की गई रिश्वत की राशी तथा शराब की बोतलें देने बारे कहा गया है।

जो प्रारम्भिक जांच में निर्मल पटियाल बारा दिनांक 20.04.2024 तथा 21.04.2024 को इलाका में तस्दीक हालातों से निर्मल पटियाल थाना हरोली में बतौर सहायत उप निरीक्षक नियुक्त पाया गया तथा इसकी कार्य प्रणाली संदिग्ध पाई गई। इसके अतिरिक्त शिकायतकर्ता की शिकायत में लिखित आरोप सही पाये गये हैं तथा सहायक उप निरीक्षक निर्मल पटियाल द्वारा शिकायतकर्ता से इसकी थाना हरोली में शिकायत के निपटारे के एवज में रूपये 3000 तथा दो बोतल शराब रिश्वत की मांग करना भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम की जद में आना पाया जा रहा है। अतः प्रारम्भिक सत्यापन रिपोर्ट सेवा में प्रेषित है। sd/- उप निरीक्षक सुमन वाला रा0स0 एवं भ्र0 रो0 ब्यूरो,थाना ऊना, जिला ऊना (हि0प्र0)। कार्यवाही पुलिसः- SI सुमन बाला के द्वारा प्रारम्भिक छानबीन करके रिपोर्ट का बारिकी से अवलोकन किया गया । विवरण रिपोर्ट का अवलोकन करने के उपरान्त रिपोर्ट शब्द व शब्द लिखा गया । उप नि0 सुमन बाला की अनुशन्सा के अनुसार थाना हरोली में तैनात सहायक उप नि0 निर्मल पटियाल के खिलाफ जुर्म जेर धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के वकूह में आना पाया जा रहा है । उपरोक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा जेर धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 पंजीकृत थाना किया गया । FIR की प्रतियां वजरिया प्रिन्टर निकाली जा रही है । जो वराये मुलाहजा अदालत मिजाज व वरिष्ठ अधिकारियों की सेवा में भेजी जा रही है । मुकदमा विशेष प्रतिवेदित है तथा FIR को ही विशेष प्रतिवेदन समझा जाये । मिस्ल मुकदमा वराये तफ्तीश निरिक्षक मोहिन्द्र सिंह के हवाले की जा रही है ।

**13.Action taken Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**

**(**की गयी कार्यवाही**:** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं**.2.**में उल्लेख धारा के तहत है **|):**

**(1)Registered the case and took up the investigation (**प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया**):**

**or (**या**)**

**(2)Directed (Name of I.O.):(**जांच अधिकारी का नाम **):**Mahinder Singh **Rank (**पद**):** INSP. (Inspector)

**No(**सं.**):** NA **to take up the Investigation (**को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया **) or**

**(3)Refused investigation due to(**जांच के लिए**):**

**or (**के कारण इंकार किया या**)**

**(4)Transferred to P.S.(**थाना**):** **District(**ज़िला**):**

**on point of jurisdiction (**को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित**)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost. (**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी**,** सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी **|)**

**R.O.A.C.(**आर.ओ.ए.सी.**)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान**):**

Signature/हस्ताक्षर

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(**अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय**):**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(**थाना प्रभारी के हस्ताक्षर**)**

**Name(**नाम**):** Kulvinder Singh
**Rank (**पद**):** Dy. SP (Deputy Superintendant of
**No(**सं.**):** NA

**Attachment to item 7 of First Information Report** (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद **7** संलग्नक)**:**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(**संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण **:(**यदि ज्ञात / देखा गया**))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(**यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है **|)**